CBSE Class 12 Hindi Core 2008 - Set 2/3

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 100**

General Instructions

(i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 मुख्य प्रश्न हैं।

(ii) उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखिए।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के साथ दिए गए निर्देशों, आंतरिक विकल्पों तथा शब्द-सीमाओं का पालन कीजिए।

Section क

1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

जब कभी मछेरे को फेंका हुआ
फैला जाल
समेटते हुए, देखता हूँ
तो अपना सिमटता हुआ
'स्व' याद हो आता है —
जो कभी समाज, गाँव और
परिवार के वृहत्तर रकबे में
समाहित था
'सर्व' की परिभाषा बनकर
और अब केन्द्रित हो
गया हूँ, मात्र बिन्दु में ।
जब कभी अनेक फूलों पर
बैठी, पराग को समेटती
मधुमक्खियों को देखता हूँ
तो मुझे अपने पूर्वजों की
याद हो आती है,
जो कभी फूलों को रंग, जाति, वर्ग
अथवा कबीलों में नहीं बाँटते थे
और समझते रहे थे कि
देश एक बाग है,
और मधु-मनुष्यता
जिससे जीने की अपेक्षा होती है ।
किन्तु अब
बाग और मनुष्यता
शिलालेखों में जकड़ गई है
मात्र संग्रहालय की जड़ वस्तुएँ ।

1(क). कविता में प्रयुक्त 'स्व' शब्द से कवि का क्या अभिप्राय है ? उसकी जाल से तुलना क्यों की गई है ?

1(ख). कवि का 'स्व' पहले कैसा था और अब कैसा हो गया है और क्यों ?

1(ग). कवि को अपने पूर्वजों की याद कब और क्यों आती है ?

1(घ). उसके पूर्वजों की विचारधारा पर टिप्पणी लिखिए ।

1(ङ). निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए :
"और मनुष्यता
शिलालेखों में जकड़ गई है ।"

OR

1. तू हिमालय नहीं, तू न गंगा-यमुना
तू त्रिवेणी नहीं, तू न रामेश्वरम्
तू महाशील की है अमर कल्पना
देश ! मेरे लिए तू परम वंदना ।
मेघ करते नमन, सिंधु होता चरण,
लहलहाते सहस्रों यहाँ खेत-वन ।
नर्मदा-ताप्ती, सिंधु, गोदावरी,
हैं कराती युगों से तुझे आचमन ।
तू पुरातन बहुत, तू नए से नया
तू महाशील की है अमर कल्पना ।
देश ! मेरे लिए तू महा अर्चना ।
शक्ति-बल का समर्थक रहा सर्वदा,
तू परम तत्त्व का नित विचारक रहा ।
शांति-संदेश देता रहा विश्व को ।
प्रेम-सद्भाव का नित प्रचारक रहा ।
सत्य औ' प्रेम की है परम प्रेरणा
देश ! मेरे लिए तू महा अर्चना ।

OR

1(क). कवि का देश को 'महाशील की अमर कल्पना' कहने से क्या तात्पर्य है ?

OR

1(ख). भारत देश पुरातन होते हुए भी नित नूतन कैसे है ?

OR

1(ग). 'तू परम तत्त्व का नित विचारक रहा' पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए ।

OR

1(घ). देश का सत्कार प्रकृति कैसे करती है ? काव्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

OR

1(ङ). "शांति-संदेश ..... रहा" काव्य-पंक्तियों का अर्थ बताते हुए इस कथन की पुष्टि में इतिहास से कोई एक प्रमाण दीजिए ।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

वैदिक युग भारत का प्रायः सबसे अधिक स्वाभाविक काल था । यही कारण है कि आज तक भारत का मन उस काल की ओर बार-बार लोभ से देखता है । वैदिक आर्य अपने युग को स्वर्णकाल कहते थे या नहीं, यह हम नहीं जानते; किन्तु उनका समय हमें स्वर्णकाल के समान अवश्य दिखाई देता है । लेकिन जब बौद्ध युग का आरम्भ हुआ, वैदिक समाज की पोल खुलने लगी और चिंतकों के बीच उसकी आलोचना आरम्भ हो गई । बौद्ध-युग अनेक दृष्टियों से आज के आधुनिकता-आन्दोलन के समान था । ब्राह्मणों की श्रेष्ठता के विरुद्ध बुद्ध ने विद्रोह का प्रचार किया था, जाति-प्रथा के बुद्ध विरोधी थे और मनुष्य को वे जन्मना नहीं, कर्मणा श्रेष्ठ या अधम मानते थे । नारियों को भिक्षुणी होने का अधिकार देकर उन्होंने यह बताया था कि मोक्ष केवल पुरुषों के ही निमित्त नहीं है, उसकी अधिकारिणी नारियाँ भी हो सकती हैं । बुद्ध की ये सारी बातें भारत को याद रही हैं और बुद्ध के समय से बराबर इस देश में ऐसे लोग उत्पन्न होते रहे हैं, जो जाति-प्रथा के विरोधी थे, जो मनुष्य को जन्मना नहीं, कर्मणा श्रेष्ठ या अधम समझते थे । किन्तु बुद्ध में आधुनिकता से बेमेल बात यह थी कि वे निवृत्तिवादी थे, गृहस्थी के कर्म से वे भिक्षु-धर्म को श्रेष्ठ समझते थे । उनकी प्रेरणा से देश के हजारों-लाखों युवक, जो उत्पादन बढ़ाकर समाज का भरण-पोषण करने के लायक़ थे, संन्यासी हो गए । संन्यास की संस्था समाज-विरोधिनी संस्था है ।

2(क). वैदिक युग स्वर्णकाल के समान क्यों प्रतीत होता है ?

2(ख). जाति-प्रथा एवं नारियों के विषय में बुद्ध के विचारों को स्पष्ट कीजिए ।

2(ग). बुद्ध की कौन-सी बात आधुनिकता के प्रसंग में ठीक नहीं बैठती ?

2(घ). संन्यास की संस्था से समाज को क्या हानि पहुँचती है ?

2(ङ). उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए ।

Section ख

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए :

(क) लोकतंत्र में मीडिया का दायित्व

(ख) हमारे पड़ोसी देश

(ग) साम्प्रदायिक हिंसा प्रतिहिंसा की जननी है

(घ) सामाजिक सद्भाव में युवकों का योगदान

4. विदेश में रहने वाले अपने मित्र को सलाह दीजिए कि वह वहाँ भारतीयों के साथ अपनी मातृभाषा में ही वार्तालाप करे तथा अपने आहार-व्यवहार में पूरी तरह भारतीय बना रहे ।

OR

4. आपके नगर/कस्बे का एक नवयुवक सैनिक देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हो गया है । एक वर्ष बीत जाने पर भी उसकी बेसहारा माँ को कोई सहायता नहीं मिली है । उसकी दयनीय दशा बताते हुए, तुरन्त राहत के लिए रक्षा मंत्री, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली के नाम पत्र लिखिए ।

5(क). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

'प्रिंट माध्यम' से आप क्या समझते हैं ?

5(ख). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

स्तंभ-लेखन का क्या तात्पर्य है ?

5(ग). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

संपादकीय में लेखक का नाम क्यों नहीं दिया जाता ?

5(घ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

हिन्दी में प्रकाशित होने वाले किन्हीं चार राष्ट्रीय समाचार-पत्रों के नाम लिखिए ।

5(ङ). निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :

अंशकालिक संवाददाता किसे कहा जाता है ?

6. 'कृषकों में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति' विषय पर लगभग 150 शब्दों में एक फ़ीचर का आलेख तैयार कीजिए ।

OR

6. 'शहरों का दमघोंटू वातावरण' विषय पर लगभग 150 शब्दों में एक फ़ीचर का आलेख तैयार कीजिए ।

Section ग

7(क). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

धूत कहौ, अवधूत कहौ, रजपूतु कहौ, जोलहा कहौ कोऊ ।

काहू की बेटीसों बेटा न ब्याहब, काहू की जाति बिगार न सोऊ ॥

तुलसी सरनाम गुलामु है राम को, जाको रुचै सो कहै कछु ओऊ ।

माँगि कै खैबो, मसीत को सोइबो, लैबोको एकु न दैबको दोऊ ॥

7(ख). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

तिरती है समीर-सागर पर

अस्थिर सुख पर दुख की छाया —

जग के दग्ध हृदय पर

निर्दय विप्लव की प्लावित माया —

यह तेरी रण-तरी

भरी आकांक्षाओं से,

घन, भेरी-गर्जन से सजग सुप्त अंकुर

उर में पृथ्वी के, आशाओं से

नवजीवन की, ऊँचा कर सिर

ताक रहे हैं, ऐ विप्लव के बादल ।

7(ग). निम्नलिखित काव्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

मैं यौवन का उन्माद लिए फिरता हूँ,

उन्मादों में अवसाद लिए फिरता हूँ,

जो मुझको बाहर हँसा, रुलाती भीतर,

मैं, हाय, किसी की याद लिए फिरता हूँ !

8. निम्नलिखित में से किसी एक काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने

कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने

बाहर भीतर

इस घर, उस घर

कविता के पंख लगा उड़ने के माने

चिड़िया क्या जाने ?

8(क). काव्यांश के कथ्य के सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए ।

8(ख). इन पंक्तियों की भाषागत विशेषताओं की चर्चा कीजिए ।

8(ग). 'कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने' पंक्ति के भावगत सौन्दर्य पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

OR

8. जन्म से ही वे अपने साथ लाते हैं कपास

पृथ्वी घूमती हुई आती है उनके बेचैन पैरों के पास

जब वे दौड़ते हैं बेसुध

छतों को भी नरम बनाते हुए

दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए

जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं

डाल की तरह लचीले वेग से अकसर

छतों के ख़तरनाक किनारों तक —

उस समय गिरने से बचाता है उन्हें

सिर्फ़ उनके ही रोमांचित शरीर का संगीत ।

OR

8(क). "जन्म ..... कपास" पंक्ति में कपास से बच्चों का क्या सम्बन्ध है ? स्पष्ट कीजिए ।

OR

8(ख). "छतों को भी नरम बनाते हुए" — काव्य-पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए ।

OR

8(ग). छतों के ख़तरनाक किनारों से वे कैसे बच पाते हैं ? इस संदर्भ में "डाल की तरह लचीला वेग" कथन का सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए ।

9(क). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'सहर्ष स्वीकारा है' कविता किसको व क्यों स्वीकारने की प्रेरणा देती है ?

9(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'लक्ष्मण-मूर्च्छा और राम का विलाप' काव्यांश के आधार पर भ्रातृशोक में विह्वल राम की दशा को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए ।

9(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'छोटा मेरा खेत' कविता में छोटे चौकोने खेत को 'काग़ज़ का पन्ना' क्यों कहा गया है ?

10. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शिरीष के फूलों की कोमलता देखकर परवर्ती कवियों ने समझा कि उसका सब-कुछ कोमल है । यह भूल है । इसके फल इतने मज़बूत होते हैं कि नए फूलों के निकल आने पर भी स्थान नहीं छोड़ते । जब तक नए फल-पत्ते मिलकर, धकियाकर उन्हें बाहर नहीं कर देते तब तक वे डटे रहते हैं । वसंत के आगमन के समय जब सारी वनस्थली पुष्प-पत्र से मर्मरित होती रहती है, शिरीष के पुराने फल बुरी तरह खड़खड़ाते रहते हैं । मुझे इनको देखकर उन नेताओं की बात याद आती है, जो किसी प्रकार ज़माने का रुख़ नहीं पहचानते और जब तक नई पौध के लोग उन्हें धक्का मारकर निकाल नहीं देते तब तक जमे रहते हैं ।

10(i). शिरीष के फल कैसे व्यक्ति की कैसी प्रवृत्ति के प्रतीक हैं ?

10(ii). शिरीष के नए फल और पत्तों का पुराने फलों के प्रति व्यवहार संसार में किस रूप में देखने को मिलता है ?

10(iii). वसन्त के आगमन पर प्रकृति में परिवर्तन पुराने फलों को क्या संकेत देता है ?

10(iv). शिरीष के नए फलों-पत्तों और पुराने फलों को देखकर लेखक को किसकी याद आ जाती है ?

OR

10. एक होली का त्योहार छोड़ दें तो भारतीय परम्परा में व्यक्ति के अपने पर हँसने, स्वयं को जानते-बूझते हास्यास्पद बना डालने की परम्परा नहीं के बराबर है । गाँवों और लोक-संस्कृति में तब भी वह शायद हो, नगर-सभ्यता में तो वह थी ही नहीं । चैप्लिन का भारत में महत्त्व यह है कि वह 'अंग्रेज़ों जैसे' व्यक्तियों पर हँसने का अवसर देते हैं । चार्ली स्वयं पर सबसे ज़्यादा तब हँसता है जब वह स्वयं को गर्वोन्मत्त, आत्म-विश्वास से लबरेज़, सफलता, सभ्यता, संस्कृति तथा समृद्धि की प्रतिमूर्ति, दूसरों से ज़्यादा शक्तिशाली तथा श्रेष्ठ, अपने को 'वज्रादपि कठोराणि' अथवा 'मृदूनि कुसुमादपि' क्षण में दिखलाता है ।

OR

10(i). होली का त्योहार किस रूप में क्या अवसर प्रदान करता है ?

OR

10(ii). अपने पर हँसने के संदर्भ में लोक-संस्कृति एवं नगर-सभ्यता में मूल अन्तर क्या था और क्यों ?

OR

10(iii). 'अंग्रेज़ों जैसे व्यक्तियों' वाक्यांश में निहित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट कीजिए ।

OR

10(iv). चार्ली जिन दशाओं में अपने पर हँसता है, उन दशाओं में ऐसा करना अन्य व्यक्तियों के लिए सम्भव क्यों नहीं है ?

11(क). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

दो कन्याओं को जन्म देने के बाद भी भक्तिन पुत्र की इच्छा में अंधी अपनी जिठानियों की घृणा एवं उपेक्षा की पात्र बनी रही । इस प्रकार के उदाहरण भारतीय समाज में अभी भी देखने को मिलते हैं । इसका कारण और समाधान प्रस्तुत कीजिए ।

11(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

बाज़ार में भगत जी के व्यक्तित्व का कौन-सा सशक्त पहलू उभरकर आया है ? क्या उनका आचरण आज के व्यक्ति के जीवन में तनाव को कम करने में सहायक हो सकता है ? 'बाज़ार दर्शन' के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

11(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'गगरी फूटी बैल पियासा' इंदर सेना के इस खेलगीत में बैलों के प्यासा रहने की बात क्यों मुखरित हुई है ? 'काले मेघा पानी दे' पाठ के आधार पर बताइए ।

11(घ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'पहलवान की ढोलक' कहानी के किस-किस मोड़ पर लुट्टन के जीवन में क्या-क्या परिवर्तन आए ?

11(ङ). निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

नमक ले जाने के बारे में सफ़िया के मन में उठे द्वंद्व के आधार पर उसकी चारित्रिक विशेषताओं को 'नमक' पाठ के आलोक में उजागर कीजिए ।

12(क). निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

क्या पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव को 'सिल्वर वैडिंग' कहानी की मूल संवेदना कहा जा सकता है ? तर्क-सहित उत्तर दीजिए ।

12(ख). निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

श्री सौंदलगेकर के अध्यापन की उन विशेषताओं का उल्लेख करें जिन्होंने कविताओं के प्रति 'जूझ' पाठ के लेखक के मन में रुचि जगाई ।

12(ग). निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

पुरातत्त्व के कौन-से चिह्न ऐसे हैं जिनसे यह सिद्ध होता है कि "सिंधु सभ्यता ताक़त से शासित होने की अपेक्षा समझ से अनुशासित सभ्यता थी ?"

12(घ). निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'डायरी के पन्ने' पाठ के आधार पर बताइए कि ऐन की डायरी उसके सुख-दुख का भावनात्मक दस्तावेज़ भी है ।

13(क). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

'ऐन की डायरी' एक ऐतिहासिक दौर का जीवन्त दस्तावेज़ है — इस पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

13(ख). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

'जूझ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर टिप्पणी लिखिए ।

13(ग). निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए :

क्या 'पीढ़ी के अन्तराल' को 'सिल्वर वैडिंग' कहानी की मूल संवेदना कहा जा सकता है ? तर्क-सहित उत्तर दीजिए ।

14. 'सिल्वर वैडिंग' के कथानायक यशोधर बाबू एक आदर्श व्यक्तित्व हैं और नई पीढ़ी द्वारा उनके विचारों को अपनाना ही उचित है — इस कथन के पक्ष या विपक्ष में तर्क दीजिए ।

OR

14. नदी, कुएँ, स्नानागार और बेजोड़ निकासी-व्यवस्था के आधार पर लेखक सिंधु घाटी सभ्यता को 'जल संस्कृति' कहना चाहता है । लेखक के इस विचार के पक्ष या विपक्ष में अपने तर्क दीजिए ।

- End of Question Paper -